# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए गंभीरता से काम हो : प्रभारी सचिव

■ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को ये निर्देश दिए



गंगानगर में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक को जिला प्रभारी सचिव वैभव गलरिया ने संबोधित किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव कृषि, उद्यान एवं पंचायती राज वैभव गलरिया की अध्यक्षता में शनिवार को परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

इस दौरान प्रभारी सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए समस्त अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि जल्द से जल्द बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो इसलिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी भी बजट घोषणाओं के क्रियान्वन के लिए गंभीरतापूर्वक और अतिशीघ्र कार्रवाई करें। सभी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और जो समस्याएं सामने आ रही हैं। उनके समाधान के सक्षम स्तर पर अवगत करवाया जाए। घोषणाओं के संबंध में भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर द्वारा इन सभी कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी। इसलिए अधिकारी जल्द से जल्द अपने-अपने विभागों से संबंधित घोषणाओं के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करें।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों से चर्चा करने के बाद प्रभारी सचिव ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन में गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित विद्युत कनेक्शन प्रकरण में विभाग द्वारा तेजी लाई जाए।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंटी लारवा गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जाए और जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से ध्यान देते हुए पानी एकत्रित न होने दिया जाए। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा कि पौधारोपण अभियान से मंडी व्यापारियों और डिग्गी निर्माण के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को भी जोड़ा जाए।

जिला कलेक्टर लोकबंधु ने भी समस्त अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर भी संबंधित कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग करने से कार्य की प्रगति में तेजी आयेगी और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक हो सकेगा। इस अवसर पर एसपी गौरव यादव, एडीएम प्रशासन वीरेंद्र चौधरी, एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, एडीएम सूरतगढ़ कन्हैयालाल सोनगरा, दिलीप सिंह राठौड़, लाभ सिंह मान, डॉ. अजय सिंगला, डॉ. बलदेव सिंह, हरीश मित्तल, डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. सतीश शर्मा, आशीष गुप्ता, पदम प्रकाश कोठारी, धीरज चावला, कविता सिहाग, अवधेश चौधरी, सुमित्रा बिश्नोई, पन्नालाल कड़ेला, विक्रम सिंह, संजय गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।

## हिन्दी व गणितीय ज्ञान में होगा सुधार

**नापासर,** (कासं)। नापासर ग्राम पंचायत सहित बीकानेर के आधा दर्जन सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की लेखनी सुधार के उद्देश्य से गुरूवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नापासर पंचायत क्षेत्र के पीईईओ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि राजकीय चौपड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगाशहर के भौतिक विज्ञान के शिक्षक करणीदान कच्छवाह की ओर से यह नवाचार किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों की हिन्दी वर्तनी के सुधार के लिए राउमावि नापासर, राप्रावि छात्र नापासर, राप्रावि बालक नापासर, राउप्रावि दुलाराम की प्याऊ स्वरूपदेसर, राउप्रावि बासी सियागान आदि विद्यालयों में विशेष कक्षाओं की शुरूआत की गई।

पीईईओ ने कहा कि हिन्दी जैसे विषय के आधारभूत ज्ञान के बारे में शुरू की गई। यह पहल बच्चों में आत्मविश्वास के साथ सकारात्मक बदलाव लायेगी। शिक्षक कच्छवाह ने यह नवाचार करते हुए विद्यार्थियों को स्टेशनरी भी उपलब्ध करवाई। सरकारी शिक्षक कच्छवाह ने राजकीय चौपड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुनियादी हिन्दी लेखनी व प्रारंभिक गणितीय ज्ञान की कक्षाएं एक सप्ताह पहले शुरू की गई। इस नवाचार के लिए सभी संसाधन, विद्यालयों को कच्छवाह की ओर से उपलब्ध करवाये गए हैं।

## सार-समाचार

### चित्रों से पर्यावरण चेतना का संदेश



उदयरामसर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से वृक्षारोपण का महत्व बताया।

**बीकानेर,** (कासं)। उदयरामसर, शिव प्रताप बजाज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदयरामसर में पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी शिक्षक अभय सिंह यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से वृक्षारोपण का महत्व, पेड़ों की उपयोगिता व आवश्यकता, जल की महत्ता, वृक्षों को बचाने की अपील आदि विषयों को प्रस्तुत किया। प्रभारी शिक्षिका शैलजा बिश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया जिसमें कनिष्ठ वर्ग में 68 तथा वरिष्ठ वर्ग में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार कुल 108 छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। विजेताओं की घोषणा सोमवार को विद्यालय प्रांगण में की जायेगी तथा उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

### विद्यालय में किया वृक्षारोपण

**सीकर,** ( निसं)। रामू का बास स्थित और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मे सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया इस दौरान पूर्व सरपंच विजयपाल खीचड़, हरफूल सिंह खीचड़, नेमीचंद खीचड़ ठेकेदार, कृषि मंडी अध्यक्ष नवरंग खीचड़, डॉक्टर विद्याधर खीचड़, गोवर्धन सिंह, झाबर खीचड़, पूर्व पार्षद प्रेमचंद सैनी, सीताराम खीचड़ बबलू खीचड़, महेंद्र खीचड़,भंवर लाल शर्मा, और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे संस्था प्रधानाचार्य हेमंत खीचड़ ने, बताया कि विभागीय आदेशों के अनुसार विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसके तहत बच्चों को पौधारोपण के रखरखाव के बारे में बताया गया और कहां कि हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए जिससे वातावरण स्वस्थ रहे इस अवसर पर गोकुलपुरा स्थित एमजीएसएस गोकुलपुरा पीईईओ मंजू ढाका और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल सुलोचना देवी भी मौजूद रही। स्कूल अध्यापिका शकुंतला ढाका ने स्कूल के विद्यार्थियों को नोटबुक पेन और पेंसिल सेट वितरण किया,विधार्थियो के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण से संबंधित लघु नाट्यय प्रस्तुति किया गया, शारदा फोगावट, गीता देवी मंजू देवी मधुबाला आदि स्कूल का समस्त स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहे

### महिलाएं करेगी अपने उत्पाद की बिक्री

**सीकर,** ( निसं)। अग्रवाल समाज प्रन्यास व अग्रवाल महिला मंडल महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लघु उद्योग मेले का आयोजन करेंगी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू लोहिया तथा जिला महामंत्री सन्नू मोदी ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 19 और 20 जुलाई को गढ़ परिसर में स्थित मकराना महल में उक्त आयोजन होगा जिसमें सर्व समाज की महिलाएं अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं को प्रदर्शित करते हुए अपने सामान का विक्रय करेगी सखी सहेली के नाम से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में करीब 28 स्टाले लगाई जाएगी।

### कार्यकर्ताओं ने जताया आभार

**सादुलपुर,** ( निसं)। राजस्थान विधुत विनियामक आयोग ( आरईआरसी) राजस्थान सरकार में नरेश कुमार भाम्बू को जोनल सदस्य नियुक्त किया है। राजस्थान सरकार द्वारा सम्पूर्ण राज्य में तीनों विद्युत वितरण निगमों के लिए कुल 9 सदस्यों की नियुक्ति आयोग के नियमानुसार की गई है। जिसमें राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं विद्युत लोकपाल अधिनियम के अनुसार नरेश कुमार भाम्बू की नियुक्ति जोनल मुख्य अभियंता, जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड के बीकानेर जोन के लिए की गई है। गौरतलब है कि नरेश कुमार भाम्बू भादरा स्थित विवेकानन्द शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष हैं। इस नियुक्ति पर उनके द्वारा राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया गया है। ये ठेकेदार मीर सिंह पूनिया के रिलेटिव हैं। नियुक्ति पर मीरसिंह ठेकेदार कालरी, मनोज पूनिया, ओमप्रकाश पूनिया, कृष्ण सांगवान लाखलान, पप्पू, महेंद्र पूनिया, हरपाल सिंह सहित समस्त रिश्तेदार व मित्रगणों आदि ने राज्य सरकार का आभार जताया है।

### महर्षि ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**रतनगढ़,** ( निसं)। भाजपा राजस्थान की वृहद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को जयपुर में आयोजित हुई। बैठक में रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व रतनगढ़ भाजपा के अन्य पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर रियायती पट्टो को बनाने की समयावधि बढ़ाने की मांग की। पट्टो की सैकड़ों फाइलें अभी भी नगरपालिकाओं में लंबित चल रही है जिससे वंचित व अल्प आय वाले आमजन को सस्ते पट्टे बनाने का सुलभ लाभ नही मिल पा रहा है इस के साथ ही राजलदेसर तहसील कार्यालय में जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्य शुरू करवाने एवम राजकीय महाविद्यालय राजलदेसर में वाणिज्य व विज्ञान संकाय स्वीकृत करवाने व कला संकाय में 100 सीटे बढ़वाने की मांग रखी।

### 750 पौधे लगाए

**पाटन,** ( निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत भूदोली की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य रोहिताश मीणा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को 750 पौधे वितरित किये गये, तथा सभी को कहा गया कि आप जितने भी पौधे लगाएं उन पौधों की देखरेख अवश्य करें, जिससे पौधा नष्ट नहीं हो।

# जेठानंद व्यास के आरोपों पर डॉ. बी. डी. कल्ला का पलटवार

■ कल्ला ने कहा कि व्यास को ये जानकारी होनी चाहिए कि बिजली कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कांग्रेस सरकार ने नहीं बल्कि भाजपा सरकार ने किया था, जिसका तब भी कांग्रेस ने विरोध किया था

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास द्वारा विधानसभा में उनके उपर बिना तथ्यों के लगाये गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि व्यास द्वारा बिना तथ्य की बातें विधानसभा में कही जा रही है।

व्यास को ये जानकारी होनी चाहिए कि इस कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कांग्रेस सरकार ने नहीं बल्कि भाजपा सरकार ने किया था। जिसका तब भी कांग्रेस ने विरोध किया था। कंपनी के एमओयू की कॉपी पढ़ने के बाद ही विधानसभा जैसे बड़े सदन में बोलना चाहिए था कि एक घंटे लाइट नहीं होने पर क्या जनरेटर से लाइट देने की शर्त है या नहीं।

शर्म की बात है कि एक विधायक के विधानसभा में दिए गए बयान पर एक कंपनी का प्रतिनिधि मीडिया को ये बोलता है कि विधायक ने गलत जानकारी दी है। विधायक ये भी सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट करें कि पूर्व मंत्री के कौन रिश्तेदार इस कंपनी में ठेकेदारी कर रहे हैं। उनके कौन समर्थक है जो बार-बार लाइट बंद करके उनकी छवि को खराब कर रहे हैं। बिना तथ्य के विधानसभा में बोलने से मेरी मातृभूमि बीकानेर की छवि खराब होती है। अनावश्यक निंदा का विकास से कोसों तक संबंध नहीं है। उन्हें जनता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। डॉ. कल्ला ने कहा कि हार और जीत मुझे कभी विचलित नहीं कर सकती। मेरा मन और सुचिता पूर्ण जन सेवा में रहा है और रहेगा।

विधायक बिना भेदभाव के काम करें, संवैधानिक पद की गरिमा रखें वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। बीकानेर की राजनीतिक विरासत का ख्याल रखें। शहर की आम जनता अनर्गल बातें बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता ने विधायक को विकास और जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए बनाया है, ना कि हुडदंग और विरोध करने के लिए। बजट में बीकानेर को कुछ भी नहीं दिला सके। जबकि कांग्रेस के समय में अनेक विकास योजनाएं प्रारम्भ की गई थी जिसको राजनैतिक भेदभाव के आधार पर रोक दिया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

डॉ. कल्ला ने कहा कि मेरी जन्मभूमि बीकानेर की जनता के लिए मेरे मन में सम्मान और प्यार का भाव है। इतिहास गवाह है कि मैंने कांग्रेस भाजपा की बातों में आकर अपनी जवाबदेही से मुंह नही मोड़ा है। डॉ. कल्ला ने कहा कि विधायक को बीकानेर की महान जनता के प्रति अपनी जवाबदेही रखते हुए बीकानेर के सर्वांगीण विकास मे योगदान देना चाहिए।

## कूलर व पानी की मोटर भेट

**सीकर,** ( निसं)। श्री गोपाल गौशाला समिति , पालवास, सीकर में भीषण उमस व गर्मी को देखते हुए गो माता के लिए गौशाला को छः 120 लीटर वाले बड़े कुलर , एक पानी की मोटर एवं दो प्लास्टिक पाइप के बंडल ट्ययूबवेल से पेड़ पौधों में पानी सप्लाई के लिए भेट की गई है।

भीषण गर्मी को देखते हुए करणी धाम के मंहत व गौशाला अध्यक्ष संतश्री चन्द्रमा दास महाराज एवं संतश्री अनंत दास महाराज के सानिध्य में अमित सिंह, अभिषेक पालवास, दिवान सिंह, ईश्वर कंवरपुरा, लोकेंद्र, निर्तिपाल आदि सदस्यों ने भेट किए इस अवसर पर गोशाला संरक्षक चतुर्भुज कुमावत, उपाध्यक्ष मुकेश खडोलिया , उपाध्यक्ष दिवान सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष कल्याण सहाय शर्मा व सदस्य महेन्द्र सिंह शेखावत ने सदस्यों का दुपटा उढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गोरधन सिंह शेखावत, मगन सिंह, प्रभु दयाल कुमावत, पार्षद भागीरथ सैनी, रामवतार सैनी, विनोद कुमार शर्मा आदि सैकड़ों पालवास ग्रामवासी सीकरवासी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने उपरोक्त सामान देने वाले सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## राजगढ न्यू कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत में 1344 प्रकरणों का रिकॉर्ड निस्तारण

■ करीब 2 करोड 77 लाख 57 हजार 645 रूपये के अवार्ड पारित

**सादुलपुर,** ( निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के नेतृत्व में शनिवार 13 जुलाई 2०24 को ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजगढ न्यायक्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दो बैंच का गठन किया गया। बैंच प्रथम में दीपक पाराशर एडीजे-प्रथम अध्यक्ष, इमरान पठान तहसीलदार सदस्य राजस्व मामले, मेवा सिंह सदस्य, बैंच संख्या-2 में लिलूराम सिहाग ऐसीजेएम अध्यक्ष, प्रेम सिंह बीका सदस्य आदि थे। वहीं इस वर्ष 2०24 की द्वितिय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पक्षकारान एवं अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। साथ ही राजस्व मामलों के निस्तारण में भी ग्रामीणजनों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में एडीजे कोर्ट प्रथम के 133 राजस्व मामलों एवं ०1 करोड 1० लाख 1०,००० रूपये का अवार्ड, एडीजे कोर्ट द्वितीय के 89 मामले एवं 32 लाख 83,००० रूपये का अवार्ड, एसीजेएम कोर्ट के 179 मामले एवं एनआई एक्ट में 99 लाख 77 हजार 826 रूपये की वसूली, जेएम कोर्ट के 123 एनआई एक्ट में 28 लाख 37 हजार 863 रूपये की वसूली की जाकर आपसी रजामंदी से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम न्यायालय के 54 मामलों एवं प्रिलिटिगेशन के 775 मामलों का निस्तारण हुआ। ताल्लुका विधिक सेवा समिति स्तर पर कुल 1344 मामलों का निस्तारण कर करीब 2 करोड 77 लाख 57 हजार 645 रूपये के अवार्ड भी पारित किये गये। इन प्रकरणों में समझाईश से कई वैवाहिक मामलों का भी निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में एसडीएम सुशील कुमार सैनी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह राठौड के अलावा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण, व हर्षविन्दर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 'एक पेड देश के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

**सादुलपुर,** ( निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हांसियावास में 'एक पेड देश के नाम' अभियान में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के 6० पौधे लगवाए गए हैं।

जिनकी देखभाल की जिम्मेवारी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ली है। यह पौधे राजकरण की प्रेरणा से गांव के ही भामाशाह प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमी सुरेश दुग्गल द्वारा उपलब्ध करवाए गए थे, जो पिछले कई वर्षो से उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके अलावा महावीर सिहाग की प्रेरणा से ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा 6० पौधे विद्यालय में तथा लगभग 5०० पौधे खेल मैदान में लगवाए गए हैं। विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान में मिलाकर पेड पौधों की संख्या हजारों में पहुंच गई है, जो विद्यालय एवं खेल मैदान में हरियाली की छटा बिखेर कर विहंगम दृश्य का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर संस्था प्रधान अनिल कुमार ने ग्राम पंचायत सरपंच, सुरेश दुग्गल, विद्यार्थियों और शिक्षको की सराहना कर आभार जताया। शारीरिक शिक्षक समीर पूनिया ने वृक्षों की महत्ता और पर्यावरण संतुलन में भूमिका से अवगत करवाया। इस अवसर पर राजकरण, शाहिद खान, मनिता कुमारी, नरेंद्र कुमार, राहुल एवं विनोद सोनी आदि उपस्थित रहे।

## बाढ़ से राहत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**बीकानेर,** (कासं)। मानसून के दौरान जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति उत्पन्न होने पर राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला और उपखंड स्तर पर प्रत्येक विभाग का कंट्रोल रूम राउंड द क्लॉक कार्यरत है।

आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला और उपखंड स्तर के आपदा प्रबंधन संबंधित समस्त विभागों में समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला स्तर पर बीकानेर की उपखंड अधिकारी कविता गोदारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

# जल संरक्षण मुहिम से सहेजेंगे एक करोड़ लीटर वर्षा जल

■ एमजेएसए 2.0 : मनरेगा के तहत तैयार हो रहे जल संग्रहण के 361 ढांचे

**बीकानेर,** (कासं)। बरसाती जल की एक-एक बूंद का संग्रहण और संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की दूरगामी सोच की बदौलत प्रदेश भर में अनेक कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

बीकानेर जिले में इस अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजना के जल संरक्षण के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर और मनरेगा की जिला कार्यक्रम समन्वयक नम्रता वृष्णि ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के फेज-1 के अन्तर्गत मनरेगा में जल संरक्षण के आधारभूत ढांचे तैयार हो रहे हैं। अब तक यह बरसाती जल को सहेजने में कारगर साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को जल आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत जिले के चयनित 25 गांवों में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के 361 कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन सभी की स्वीकृति जारी कर दी गई। अब तक इनमें से 157 कार्य पूर्ण हो गए हैं और 204 कार्य प्रगतिरत हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले में अब तक अच्छी बारिश होने से सभी पूर्ण ढांचों में पर्याप्त वर्षा जल आ चुका है, जो आमजन व पशुओं के लिए वर्ष पर्यन्त उपयोगी रहेगा।

# विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की कार्ययोजना शीघ्र बनाएं : प्रभारी सचिव

■ प्रभारी सचिव ने बजट घोषणाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए



हनुमानगढ़ जिला प्रभारी सचिव हरिमोहन मीणा ने बजट घोषणाओं को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे आमजन योजनाओं से त्वरित लाभान्वित होंगे और प्रदेश के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी। जनकल्याण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारी घोषणाओं की कार्ययोजना शीघ्र बनाएं। इनमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

यह कहना है निदेशक पब्लिक सर्विसेज एवं जिला प्रभारी सचिव हरिमोहन मीणा का। उन्होंने शनिवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के संबंध में उच्च अधिकारियों की बैठक ली। मीणा ने कहा कि संवेदनशील और पारदर्शी शासन का संकल्प आप सभी के सहयोग से ही साकार हो सकता है। ऐसे में सुशासन की भावना के साथ जिम्मेदारी से राज-काज सम्पादित करें। उन्होंने बजट घोषणाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि घोषणाएं समय पर पूरी हों ताकि आमजन को इनका समय पर लाभ मिले। जिला प्रभारी सचिव ने विभागों की एक-एक घोषणाओं पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।

उनकी कार्ययोजना पूछने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घोषणाओं में आवश्यक भूमि अधिग्रहण कार्य भी शीघ्र कराएं। सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क, आरओबी निर्माण उच्च गुणवत्ता से बनवाएं और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत भी कराएं। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होने दिया जाए। मीणा ने कहा कि जिले में नशा मुक्ति केन्द्र की घोषणा हुई है। इसके निर्माण की तैयारियां जल्द करें ताकि जिले में बढ़ती नशा प्रवृति से निजात पाया जा सके। विभागीय अधिकारी नशा मुक्ति केन्द्रों का नियमित औचक निरीक्षण करें।

मीणा ने कहा कि महिलाओं का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राजीविका के जरिए स्वयं सहायता समूहों को लेकर भी घोषणाएं हुई हैं।

# 15 साल में मिली एक दर्जन से अधिक कॉलेज की सौगात

■ 1994 में हनुमानगढ़ जिला बना तब यहां केवल मात्र एक ही राजकीय डिग्री कॉलेज था

**हनुमानगढ़,** (कासं)। हनुमानगढ़ को जिला बने पूरे 30 बरस हो चुके हैं। जब वर्ष 1994 में हनुमानगढ़ जिला बना तब यहां केवल मात्र एक ही राजकीय डिग्री कॉलेज था। अब तीस बरस के इस जिले में एक दर्जन से अधिक उच्च शिक्षा संबंधी राजकीय संस्थान संचालित हो रहे हैं जो यहां के नौजवानों को कम खर्च में उच्च शिक्षा हांसिल कर आगे बढ़ाने का मंच उपलब्ध करवा रहे हैं।

हालांकि हनुमानगढ़ के जिला बनने के बाद शुरूआती डेढ़ दशक तक तो राज्य और केन्द्र सरकार ने लगातार अनदेखी की। शिक्षा के मामले में जिले जैसी कोई सुविधा व संस्थान नहीं दिए। इसके चलते जो हालात जिले की स्थापना के समय तक थे। वहीं शुरूआती 15 बरस तक रहे। इस अनदेखी से नाराज जिले के लोग सरकारी कॉलेजों की मांग को लेकर मुखर होने लगे।

इस आवाज में हर प्रबुद्ध व जागरूक नागरिक व जनप्रतिनिधियों ने अपनी आवाज मिलाई। इसका परिणाम यह रहा कि जिले को पिछले 15 साल में एक दर्जन से अधिक राजकीय कॉलेज की सौगात मिल चुकी है।

खेती आधारित जिला होने के बावजूद कृषि महाविद्यालय भी यहां नहीं था। लोग जब कृषि विश्वविद्यालय की मांग को लेकर मुखर हुए तो सरकार चेती तथा बीते बरस राजकीय कृषि महाविद्यालय प्रारंभ कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज की मंजूरी और निजी क्षेत्र में एसकेडी विश्वविद्यालय खुलने के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी जिले की उम्मीदों को पंख लग चुके हैं। हनुमानगढ़ अब अन्य जिलों की तुलना में हायर एज्यूकेशन की दिशा में सशक्त होकर आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा गैर सरकारी संगरिया की केशवानंद विद्यापीठ तो बरसों से जिले व प्रदेश की शान बढ़ाता रहा है।

जिला बनने के बाद पहले कन्या कॉलेज के लिए हनुमानगढ़ को करीब 25 बरस तक संघर्षमय प्रतीक्षा करनी पड़ी थी। छह साल पहले तक प्रदेश में सिर्फ प्रतापगढ़ व हनुमानगढ़ में ही सरकारी कन्या कॉलेज नहीं थे। जबकि प्रतापगढ़ तो हनुमानगढ़ से एक दशक से भी ज्यादा समय बाद जिला बना था। यह तथ्य धीरे-धीरे मुद्दा बनता गया।

नागरिक संगठन भी सक्रिय हुए तो इससे सरकार और उसके प्रतिनिधियों पर दबाव बना। इसका परिणाम यह रहा कि एक कन्या कॉलेज के लिए बरसों तक प्रतीक्षा करने वाले जिले को एक साथ संगरिया व हनुमानगढ़ में कन्या कॉलेज की सौगात दे दी गई। इसके अगले साल नोहर और फिर भादरा में भी राजकीय कन्या कॉलेज खोल दिए गए।

जिला मुख्यालय से लेकर संगरिया, टिब्बी, रावतसर, नोहर, पीलीबंगा एवं भादरा में सरकारी कॉलेज मंजूर किए जा चुके हैं।